# सी. पी. राधाकृष्णन उप-राष्ट्रपति चुने गए

[स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया]

सी. पी. राधाकृष्णन भारत के **15वें उपराष्ट्रपति** के रूप में चुने गए हैं। उन्होंने यह चुनाव **पूर्व सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी** को हराकर जीता, जो **जगदीप धनखड़ के इस्तीफे** के बाद आयोजित किया गया था।

- चुनाव में राधाकृष्णन को **452 वोट** मिले, जबकि रेड्डी को **300 वोट प्राप्त** हुए और मतदान प्रतिशत 98.2% रहा।

## सी.पी. राधाकृष्णन

- उन्होंने **झारखंड, तेलंगाना, पुदुचेरी और महाराष्ट्र** के **राज्यपाल** के रूप में कार्य किया। पेशे से वे **कृषिविशेषज्ञ (Agriculturist) और उद्योगपति** हैं और **तमिलनाडु** से तीसरे नेता हैं जिन्होंने **उपराष्ट्रपति** का पद संभाला।
- वे कोयंबटूर से दो बार लोकसभा सदस्य भी रह चुके हैं।

## भारत के उपराष्ट्रपति के संबंध में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **परिचय: उपराष्ट्रपति** भारत में राष्ट्रपति के बाद **दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक अधिकारी** होता है (अनुच्छेद 63)।
- **निर्वाचन और पात्रता:** उपराष्ट्रपति का चुनाव **संसद के दोनों सदनों के सांसदों** द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व (proportional representation) के माध्यम से किया जाता है। उपराष्ट्रपति कम से कम 35 वर्ष का, भारत का नागरिक और **राज्यसभा सदस्य बनने के लिये योग्य** होना चाहिये।
- **कार्यकाल और रिक्ति: पाँच वर्ष** की अवधि के लिये कार्य करता है, जिसमें एक उत्तराधिकारी के निर्वाचित होने तक पद पर बने रहने की संभावना शामिल है।
- **मुख्य भूमिका: वे राज्यसभा के पदेन अध्यक्ष (ex-officio Chairman)** के रूप में कार्य करते हैं।
  - राष्ट्रपति की अनुपस्थिति या पद रिक्त होने की स्थिति में वह कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है (अनुच्छेद 65)।
- **निष्कासन: राज्यसभा में प्रस्ताव पारित कर** तथा लोकसभा की स्वीकृति प्राप्त कर, 14 दिन का नोटिस देकर हटाया जा सकता है (अनुच्छेद 67)।

## भारत के उपराष्ट्रपति के पद से संबंधित कुछ विशिष्ट तथ्य

- केवल **डॉ. एस. राधाकृष्णन** (प्रथम एवं द्वितीय उपराष्ट्रपति, दोनों बार निर्विरोध निर्वाचित) और **मोहम्मद हामिद अंसारी** (13वें एवं 14वें उपराष्ट्रपति, 2007–2017) ही लगातार दो कार्यकाल तक इस पद पर रहे हैं।
- **डॉ. एस. राधाकृष्णन** के अतिरिक्त **एम. हिदायतुल्लाह (7वें उपराष्ट्रपति)** और **डॉ. शंकर दयाल शर्मा (9वें उपराष्ट्रपति)** भी निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।
- **कृष्णकांत (10वें उपराष्ट्रपति, 1997–2002)** पहले और एकमात्र उपराष्ट्रपति थे जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ।
- **न्यायमूर्ति मोहम्मद हिदायतुल्लाह** भारतीय इतिहास में ऐसे एकमात्र व्यक्ति हैं जिन्होंने **भारत के मुख्य न्यायाधीश, कार्यवाहक राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति** तीनों पदों पर कार्य किया।

# भारत के उप-राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति के बाद देश का दूसरा सर्वोच्च पद**

## उत्पत्ति

इस पद को **अमेरिकी उप-राष्ट्रपति की तर्ज पर** बनाया गया है

## संवैधानिक प्रावधान

**अनुच्छेद 63-71**

## निर्वाचन

**अप्रत्यक्ष रूप से** एक निर्वाचक मंडल द्वारा निर्वाचित

***"इस निर्वाचक मंडल में लोकसभा तथा राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य + मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं, लेकिन राज्य विधायिकाओं के सदस्य शामिल नहीं होते हैं (राष्ट्रपति चुनाव के लिये निर्वाचक मंडल के विपरीत)"***

***"उप-राष्ट्रपति के पद हेतु चुनाव आयोजित कराने की शक्ति भारत निर्वाचन आयोग में निहित है (अनुच्छेद 324)"***

## योग्यता

**भारत का नागरिक**- न्यूनतम आयु **35 वर्ष**

## प्रथम तथा वर्तमान उप राष्ट्रपति

**डॉ एस राधाकृष्णन; जगदीप धनखड़**

## कार्यकाल

**5 वर्ष; पुनर्नियुक्ति** हेतु पात्र

## पद रिक्तता

- उप-राष्ट्रपति, राष्ट्रपति को संबोधित कर अपना **त्याग-पत्र दे सकता है**
- **राज्यसभा के सदस्यों (सभी तत्कालीन) के प्रभावी बहुमत तथा लोकसभा के सदस्यों की सहमति** (साधारण बहुमत) के आधार पर हटाया जा सकता है
  - इसे हटाए जाने का प्रस्ताव केवल राज्यसभा में प्रस्तुत किया जाता है
- संविधान में इसे पद से हटाने के संबंध में **किसी आधार का उल्लेख नहीं** किया गया है

## शक्तियाँ

- **राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष**- शक्तियाँ एवं कार्य **लोकसभा अध्यक्ष के समान**
- **कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में (अधिकतम 6 माह)**- जब भी राष्ट्रपति का पद रिक्त हो

**"यह अमेरिकी उप-राष्ट्रपति के पद से भिन्न है क्योंकि अमेरिका का उप-राष्ट्रपति, राष्ट्रपति का पद रिक्त होने की स्थिति में अपने पूर्व राष्ट्रपति के कार्यकाल की शेष अवधि तक उस पद पर बना रहता है"**

**"कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करने के दौरान वह राज्यसभा के पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य नहीं करता है"**



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cp-radhakrishnan-elected-as-vice-president